हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(तृतीय सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 31 अगस्त, 2018/9 भाद्रपद, 1940 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 32

सीवरेज योजनाएं

***772 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि हमीरपुर तथा सुजानपुर की सीवरेज योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

33 KVA Sub-Station

***773 श्री सुख राम (पांवटा साहिब)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
जिला सिरमौर में विद्युतीकरण हेतु कितने 33 KVA Sub-Station स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन हैं; ब्यौरा दें?

स्टेडियम-पैवेलियन निर्माण

*774 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रा0व0मा0पा0 नम्होल व राजकीय उच्च पाठशाला ध्याल में पैवेलियन व स्टेडियम के निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति व वित्तीय अनुमोदन कब प्रदान किया गया, कब इनकी निविदाएं आमन्त्रित की गई तथा कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय की गई; ब्यौरा दें?

ठेकेदारों को कार्य आवंटन

*775 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिसम्बर, 2017 से 31 जुलाई, 2018 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा कल्पा, करछम / भावानगर मण्डल के अन्तर्गत कितनी निविदाएं ठेकेदारों को एक लाख से कम प्राक्कलन की दी गई है; ब्यौरा ठेकेदारों के नाम व कार्य सहित दें?

शिक्षण संस्थान

*776 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न स्तरों की कितनी नई पाठशालाएं खोली गई और कितनी स्तरोन्नत की गई; उनमें बच्चों और अध्यापकों की संख्या कितनी है; पाठशालावार ब्यौरा दें; और

(ख) कितनी ऐसी पाठशालाएं हैं जिनके अपने भवन हैं और कितनी किराए के भवन में चल रही हैं?

सड़कों का निर्माण

*777 **श्री हर्षवर्धन चौहान (शिलाई)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) डल्याणु-पियुलीलाणी-नैनीधार सड़क की मैटलिंग व टारिंग के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई, कितनी व्यय की गई; अद्यतन स्थिति क्या है; इस कार्य को पूर्ण करने हेतु

सरकार क्या पग उठा रही है;

(ख) नगवा से हलांह स्कूल लिंक रोड़ के मैटलिंग व टारिंग के लिए धनराशि स्वीकृत होने के बावजूद भी कार्य आरम्भ नहीं हुआ है, कारण सहित ब्यौरा दें; और

(ग) हलांह स्कूल से मजगांव वाया पंजोड़-नाया सड़क के लिए संगड़ाह, शिलाई मंडल में कब कितनी धनराशि स्वीकृत हुई, कितनी व्यय की गई तथा कब तक इस सड़क को बस यातायात योग्य बनाया जाएगा?

अस्पतालों में पदों की स्थिति

*778 **श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नगरोटा सूरियां अस्पताल में कुल कितने पद स्वीकृत हैं इनमें से कितने रिक्त हैं; इन को कब तक भर दिया जाएगा; और

(ख) इस अस्पताल के नए भवन का प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है, कितनी धनराशि व्यय की जानी प्रस्तावित है तथा निर्माण कार्य कब प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

जनमंच कार्यक्रम

*779 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत सात महीनों में प्रदेश में कितने जनमंच कार्यक्रम आयोजित हुए हैं; और

(ख) इन कार्यक्रमों में जनहित की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई तथा कितनी का समाधान किया गया; ब्यौरा दें?

ट्रांस गिरि को जनजातीय दर्जा

*780 **श्री सुरेश कुमार कश्यप (पच्छाद):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि ट्रांस गिरि क्षेत्र को जनजातीय दर्जा देने हेतु मामला केन्द्र सरकार को भेजा गया है; यदि हां, तो कब और इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

मधुमक्खी पालक

*781 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कितने मधुमक्खी पालक हैं; ब्यौरा जिलावार दें; सरकार क्या शहद का समर्थन मूल्य निर्धारित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

हिमबुनकर सहकारी सभा

*782 **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत हिमबुनकर सहकारी सभा की वित्तीय स्थिति बहुत दयनीय है; इसमें कार्यरत कर्मचारियों को वेतन समय पर नहीं दिया जा रहा है; और

(ख) इस सहकारी सभा को बचाने के लिये प्रदेश सरकार कोई ठोस कदम उठाने जा रही है?

रेडियो थरेपी

*783 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज में रेडियो थरेपी unit में 2 साल से 22 करोड़ रुपये की दो मशीनें 1. Simulator 2. Linear Accelerator क्यों बंद पड़ी है; ब्यौरा दें ?

मल प्रवाह योजना

*784 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) रोहड़ू नगर परिषद् व साथ लगते क्षेत्र को पूर्ण रूप से मल प्रवाह योजना से जोड़ने का कार्य कब तक पूर्ण होगा;

(ख) चिड़गांव बाजार और साथ लगते क्षेत्रों में मल प्रवाह योजना की डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) चिड़गांव बाजार को नगर पंचायत में सम्मिलित करने का प्रस्ताव है?

Public Health Facilities

***785 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil(Solan) :**
Sh. Rakesh Singha(Theog) :

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) will the Government ensure that as per the urgent need of the public, required number of Doctors, Nursing Staff and Paramedics will be posted at the earliest; and

(b) will the Government ensure that modern facilities of Lab Apparatus and machines are made available to the public so that they do not have to visit private hospitals for the same?

पौंग डैम

***786 श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश के मुख्य सचिव की पौंग डैम विस्थापितों के संदर्भ में राजस्थान सरकार के साथ बैठक हुई थी; यदि हां, तो कार्यवाही की प्रति सभा पटल पर रखे ?

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन

***787 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत कितने अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं;

(ख) क्या सरकार द्वारा इनके नियमितीकरण हेतु कोई नीति बनाई गई है; और

(ग) यदि हां, तो उसके अन्तर्गत कितनों को सरकार द्वारा नियमित किया गया है तथा शेष को कब तक नियमित करने का विचार रखती है; ब्यौरा नियमित/अनियमित का नाम व पते सहित दें?

सिंचाई टैंक/कूहलों के निर्माण में अनियमितताएं

*788 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में ग्राम पंचायत काहरी में Soil Conservation के अन्तर्गत निर्मित सिंचाई टैंक और कूहलों के निर्माण में कितनी धनराशि व्यय हुई, कार्यवार ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि इनके निर्माण में अनियमितताएं पाई गई; यदि हां, तो जांच सम्बन्धी अद्यतन स्थिति क्या है?

Functioning of Medical Colleges

*789 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of the functioning of New Medical Colleges at Chamba, Hamirpur, Nahan and Nerchowk;

(b) how much funds have been granted to these Institutions in the current financial year; and

(c) by when the infrastructure viz. building, machinery and equipments etc. will be completed in these Institutions?

कीरतपुर-नेरचौक-मनाली फोरलेन

*790 **श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि कीरतपुर-नेरचौक-मनाली फोरलेन सड़क पर पंडोह से औट तक के मध्य सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो कितनी सुरंगों का और इन सुरंगों से कौन-कौन सी पंचायतों के कौन-कौन से गांव प्रभावित हो रहे हैं; ब्यौरा दें;

(ग) यह भी सत्य है कि इनके निर्माण से इन गांवों के प्राकृतिक पेयजल स्त्रोतों के सूखने का खतरा पैदा हो गया है; और

(घ) यदि हां, तो क्या NHAI व सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसकी प्रतिपूर्ति हेतु किसी वैकल्पिक व्यवस्था की योजना का निर्माण व धन का प्रावधान किया गया है; यदि हां, तो क्या व कितने धन का प्रावधान किया है; ब्यौरा दें?

स्टोन क्रशर

*791 **श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर)ः**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क)जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कुल कितने स्टोन क्रशर कार्यरत हैं; मालिकों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें;

(ख) गत दो वर्षों में 31 जुलाई 2018 तक कितना राजस्व प्राप्त हुआ; इस अवधि की माहवार बिजली मीटर की रीडिंग कितनी थी; और

(ग) क्रश्ड (crushed) material को विक्रय हेतु दर निर्धारण के लिए सरकार/मालिकों ने कोई मापदण्ड तय किए हैं; ब्यौरा दें?

सड़कों की चौड़ाई

*792 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि मण्डी-जोगिन्द्रनगर-पठानकोट राष्ट्रीय उच्च मार्ग (कोटरोपी) में बन्द रहने से वैकल्पिक मार्ग पधर-नौहली व कोटली मनारू जोगिन्द्रनगर सड़क से वाहनों को भेजा जाता है; और

(ख) सरकार क्या दोनों वैकल्पिक सड़कों की चौड़ाई को बढ़ाने का विचार रखती है; ब्यौरा सभा पटल पर रखें?

स्टोन क्रशर

*793 **श्री सुख राम (पांवटा साहिब)ः**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि पांवटा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल कितने स्टोन क्रशर स्थापित हैं, इनसे 01 मार्च, 2017 से 30 जून, 2018 तक कितनी धनराशि सरकार के खजाने में जमा हुई; ब्यौरा क्रशरवार दें?

ईको टूरिज्म

*794 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में ईको टूरिज्म के तहत गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं;

(ख) बेरोजगार लोगों को कितनी साईट्स आबंटित की गई; कितनी बड़ी कंम्पनियों को कार्य दिया गया, ब्यौरा दें; और

(ग) माननीय उच्चतम न्यायालय के फैसले को लागू करते हुए इसके दृष्टिगत सरकार क्या पग उठाएगी जिससे कि ईको टूरिज्म की गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े; ब्यौरा दें?

छात्रावास का निर्माण

*795 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि राजीव गांधी डिग्री कॉलेज कोटशेरा में जनजातीय व अनुसूचित छात्राओं की भारी तादाद है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस कॉलेज में जनजातीय छात्राओं के लिये अलग से छात्रावास बनाने का विचार रखती है?

कम वोल्टेज समस्या

*796 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) ज्वालामुखी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत सब-डिवीजन में किस-किस स्थान पर कम वोल्टेज की समस्या है, वोल्टेज सुधार के लिए सरकार क्या Mainline तथा Transformer Augumentation का विचार रखती है; यदि हाँ, तो प्रस्तावित स्थानों का ब्यौरा दें; और

(ख) इन सब-डिवीजनों में स्टाफ के कितने पद स्वीकृत व कितने रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु क्या पग उठाए जा रहे है; ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

***797** **श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि ज्वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय नगरोटा सूरियां व ज्वाली के भवनों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

स्वास्थ्य संस्थानों का विलय

***798** **श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तेगूबेहड और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भुंतर का विलय करने की सरकार की कोई योजना है?

ठियोग-हाटकोटी-रोहड़ू सड़क

***799** **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि 31 जुलाई, 2018 तक ठियोग-खड़ापत्थर-हाटकोटी-रोहड़ू सड़क पर कितनी धनराशि व्यय की गई और कितना कार्य शेष है; ब्यौरा दें; चिलाला सड़क की मेटलिंग एवं टारिंग की निविदाएं हुई हैं; यदि हां, तो कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा?

डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति

***800** **श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में देहरा मण्डल के अन्तर्गत आने वाले तीनों विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी डी0पी0आर0 तैयार की गई और कितनी लम्बित हैं तथा यह कब तक बनकर तैयार होंगी; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

योजनाओं का कार्यान्वयन

***801** **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि माननीय मुख्य मन्त्री महोदय ने बजट के

दौरान कई योजनाएं जनहित में घोषित की थी, उनमें से कितनी योजनाएं लागू की गई हैं; ब्यौरा योजनावार दें ?

कीरतपुर-नेरचौक-मनाली फोरलेन

*802 **श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सत्य है कि NHAI द्वारा कीरतपुर-नेरचौक-मनाली फोरलेन मार्ग के किए जा रहे निर्माण कार्य के कारण पर्यटकों व अन्य यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है व इससे पर्यटन व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस के दृष्टिगत मण्डी-कटोला-काण्डी-बजौरा सड़क मार्ग को वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर विकसित करने पर विचार करेगी जिससे कि पर्यटकों को सुविधा मिल सके ; और

(ग) यदि हां, तो इस हेतु अब तक क्या-क्या कदम उठाये गये हैं; ब्यौरा दें?

निर्माणाधीन पेयजल योजनाएं

*803 **श्री रविन्द्र कुमार (जयसिंहपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी सिंचाई एवं पेयजल योजनाओं का कार्य चल रहा है; कितनी धनराशि व्यय हुई, कितना कार्य पूर्ण हुआ है; ब्यौरा दें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांक: 14 अगस्त, 2018. **सचिव।**